PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Maine pyar kiya
Year: 1989

Song: Mere Rang me
Lyricist: Asad Bhopali

मेरे रंग में रंगनेवाली
परी हो या हो परियों की रानी
या हो मेरी प्रेम कहानी
मेरे सवालों का जवाब दो
दो ना

मेरे रंग में रंगनेवाली
परी हो या हो परियों की रानी
या हो मेरी प्रेम कहानी
मेरे सवालों का जवाब दो
दो ना

बोलो ना क्यूँ ये चाँद सितारे
तकते हैं यूँ मुखड़े को तुम्हारे
बोलो ना क्यूँ ये चाँद सितारे
तकते हैं यूँ मुखड़े को तुम्हारे
छू के बदन को हवा क्यों महकी
रात भी है क्यों बहकी बहकी
मेरे सवालों का जवाब दो
दो ना

क्यों हो तुम शरमाई हुई सी
लगती हो कुछ घबराई हुई सी
हो क्यों हो तुम शरमाई हुई सी
लगती हो कुछ घबराई हुई सी
ढलका हुआ सा आँचल क्यूँ है
ये मेरे दिल में हलचल क्यूँ है
मेरे सवालों का जवाब दो
दो ना

दोनों तरफ बेनाम सी उलझन
जैसे मिले हो दूल्हा दुल्हन

हा... दोनों तरफ बेनाम सी उलझन
जैसे मिले हो दूल्हा दुल्हन

दोनों की ऐसी हालत क्यूँ है
आखिर इतनी मोहब्बत क्यूँ है
मेरे सवालों का जवाब दो
दो ना

मेरे रंग में रंगनेवाली
परी हो या परियों की रानी
या हो मेरी प्रेम कहानी
मेरे सवालों का जवाब दो

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.